दिनांक-14फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

रामनगर एवं छावनी क्षेत्र में एमआईसी के सदस्य एवं पार्षद की मौजूदगी में पट्टा एवं राशन कार्ड का किया गया वितरण

भिलाईनगर। शिविर के माध्यम से पट्टा एवं राशन कार्ड वितरण विभिन्न वार्डों में किया जा रहा है जिसमें महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद स्वयं उपस्थित होकर वितरण कर रहे हैं! नवीन राशन कार्ड और 1984 के नवीनीकृत पट्टे का वितरण महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती , लक्ष्मीपति राजू एवं नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन ने वार्ड 14 के रामनगर में तथा वार्ड 28 छावनी में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल एवं वार्ड पार्षद तुलसी पटेल ने किया। आज 12 बजे रामनगर एवं छावनी में वार्ड के नागरिकों के जनसमूह के मध्य महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद ने 20 लोगों को पट्टा व 105 हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया। नया राशनकार्ड बनने तथा 30 वर्षो की मियाद पूरी हो चुके मूल पट्टे को नवीनीकृत होकर मिलने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। इस दौरान उपस्थित महापौर परिषद के सदस्य व पार्षदों ने नवीनीकृत पट्टा व राशनकार्ड के महत्व के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी। जोन 02 क्षेत्र के रामनगर में आयोजित वितरण कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य दीवाकर भारती, लक्ष्मीपति राजू एवं पार्षद रिकेश सेन ने नवीनीकृत 20 मूल पट्टे हितग्राहियों को प्रदान किये।

जनसम्पर्क अधिकारी